# एयरोसिटी प्रोजेक्ट पर किसानों का धरना खत्म, सरकार ने मानीं प्रमुख मांगें

## मंत्री हरदीप मुंडियां और विधायक कुलवंत सिंह की पहल से भूख हड़ताल समाप्त, किसानों को बड़ी राहत

समर न्यूज़ | मोहाली

मोहाली के एयरोसिटी प्रोजेक्ट के तहत भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों और जमीन मालिकों की चल रही भूख हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई। यह धरना कई दिनों से जीएमएडीए कार्यालय के बाहर जारी था, जिसे पंजाब के आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां और विधायक कुलवंत सिंह के हस्तक्षेप के बाद खत्म कराया गया।

सरकार द्वारा किसानों की प्रमुख मांगों को स्वीकार करने और ठोस आश्वासन देने के बाद किसान नेताओं ने जूस पीकर हड़ताल समाप्त की। इस मौके पर जीएमएडीए की मुख्य प्रशासक साक्षी साहनी और भूमि अधिग्रहण अधिकारी रोहित जिंदल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मंत्री मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार किसानों और जमीन मालिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनकी सहमति के बिना कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एयरोसिटी के ब्लॉक ई, एफ, जी, एच, आई और जे के लिए भूमि अधिग्रहण किसानों की मंजूरी के बाद ही किया जाएगा।

सरकार ने किसानों को राहत देते हुए कई अहम फैसले लिए हैं। सहूलियत सर्टिफिकेट की वैधता अवधि 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष कर दी गई है। ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन की समय सीमा भी 4 वर्ष कर दी गई है और संबंधित विभाग को 2 माह के भीतर कनेक्शन देने के निर्देश दिए गए हैं। प्लॉट आवंटन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अब सभी



प्लॉट, प्राथमिकता वाले स्थानों सहित, ड्रॉ ऑफ लॉट्स में शामिल किए जाएंगे।

इसके अलावा लंबित मुआवजे को अदालत में जमा करने और विकास कार्यों को तेज करने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने तीन वर्षों के भीतर सभी विकास कार्य पूरे करने का लक्ष्य तय किया है। भूमि पूलिंग के लाभों में भी वृद्धि की गई है, जिसमें वाणिज्यिक प्लॉट का आकार बढ़ाया गया है।

मूल भूमि मालिकों के लिए कंवेंस डीड शुल्क माफ किया गया है, जबकि गांवों में स्कूल, पार्क और अन्य बुनियादी सुविधाओं को अधिग्रहण से बाहर रखा जाएगा। गांव की फिर्नी के आसपास बने घरों को भी अधिग्रहण से छूट दी गई है।


मंत्री ने कहा कि विकास जनता की भावनाओं की कीमत पर नहीं किया जा सकता। विधायक कुलवंत सिंह ने मुख्यमंत्री और मंत्री का आभार जताते हुए किसानों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# शिमला में चंडीगढ़ के युवकों की कार खाई में गिरी, 2 मरे

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के समरहिल क्षेत्र में सोमवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां एक कार करीब 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य चार लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, कार में कुल छह लोग सवार थे, जो सामान लेकर शिमला की ओर जा रहे थे। रास्ते में समरहिल के पास एमआई रूम के नजदीक वे गाड़ी पार्क करने के लिए रुके। इसी दौरान चार लोग गाड़ी से नीचे उतर गए, जबकि ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति कार को पार्क करने लगे। मृतकों की पहचान बारा सिंह और गुरमीत सिंह के रूप में हुई है, जो चंडीगढ़ के मलोया कॉलोनी के निवासी थे। पुलिस ने दोनों शवों को खाई से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बाहर बेकाबू कार बेसमेंट में घुसी



कार को बाहर निकालने का दृश्य। - समर न्यूज़

गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर
समर न्यूज़

स्थानीय ढकौली क्षेत्र स्थित सुषमा कैपिटल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में हड़कंप मच गया जब हिमाचल नंबर की एक कार अचानक बेकाबू होकर बेसमेंट में स्थित एक दुकान में घुस गई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी व्यक्ति की जान को नुकसान नहीं पहुँचा। प्रत्यक्षदर्शी सुरक्षा कर्मचारी के मुताबिक, महिला चालक अपनी कार को गेट नंबर-2 से अंदर ले आई और पार्किंग में खड़ी करके खरीदारी के लिए चली गई। कुछ समय बाद जब वह लौटी और कार स्टार्ट की, तो बेकाबू हो गई। कार दो डिवाइडरों के बीच से निकलती हुई तेज़ी से बेसमेंट की ओर बढ़ी और वहाँ पर्दों की दुकान से जा टकराई। हादसे से दुकान को नुकसान पहुँचा, लेकिन किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। काफी मशक्कत के बाद हाइड्रा की मदद से गाड़ी को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# होटल में चल रहे देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़, 7 लड़कियां रेस्क्यू, 4 गिरफ्तार

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

शहर में गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जीरकपुर पुलिस ने बीती रात जीरकपुर-पटियाला सड़क पर स्थित ए.के.ग्रैंड होटल में छापा मारकर देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने होटल से 7 लड़कियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला।

पुलिस ने इस मामले में देह व्यापार चलाने के दोष के तहत 4 होटल संचालकों को गिरफ्तार किया है। ए.एस.पी सब डिवीजन जीरकपुर गजलप्रीत कौर ने बताया कि इस



होटल के बाहर मौजूद पुलिस कार्रवाई करते हुए। - समर न्यूज़

होटल पर पहले भी छापेमारी की जा चुकी है, लेकिन संचालकों की ओर से फिर से देह व्यापार का धंधा शुरू कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस बार पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की ओर से मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है। शहर में होटलों और स्पा सेंटर्स की आड़ में चल रही गैरकानूनी गतिविधियों पर अब निगरानी और तीखी की जा रही है।

# रामगढ़ भूढ़ा में तीसरा रक्तदान शिविर, 125 ने किया रक्तदान

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

बैसाखी के अवसर पर नजदीकी गांव रामगढ़ भूढ़ा में तीसरा वार्षिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 125 लोगों ने रक्तदान किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एन.के. शर्मा ने शिरकत की। इस मौके पर संबोधन करते हुए पूर्व विधायक एन.के. शर्मा ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा साधन है और युवाओं को इस महान कार्य के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रक्तदान के बारे में फैली गलत धारणाओं को दूर करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने



पूर्व विधायक एन.के. शर्मा खून दानीयो की हौंसला अफजाई करते हुए। - समर न्यूज़

की जरूरत है। उन्होंने बताया कि गांव में हर साल यह शिविर लगाया जाता है और हर बार रक्तदाताओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, जो युवाओं के बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। उन्होंने ऐसे समागम नियमित तौर पर करवाने की अपील भी की। इस दौरान एन.के. शर्मा ने रक्तदाताओं और शिविर में सेवा निभाने वाले डॉक्टरों की हौसला अफजाई की। इस मौके पर पूर्व पार्षद मनदीप सिंह, अवतार सिंह, कमलदीप सिंह, सतिंदर सिंह सत्ती, गुरजीत सिंह और गुरप्रीत सिंह समेत कई अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे।

# चंडीगढ़ में जनगणना की तैयारियां तेज

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में 'जनगणना 2027' को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मंगलवार को जनगणना संचालन निदेशक नवजोत खोसा और डीसी निशांत कुमार यादवने इसकी विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल तरीके से की जाएगी, जो देश में पहली बार होगा। डॉ. नवजोत खोसा ने बताया कि भारत में जनगणना की शुरुआत 1872 में हुई थी और यह 'जनगणना अधिनियम 1948' तथा 'जनगणना नियम 1990' के तहत करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि पिछली जनगणना 2011 में हुई थी, जबकि 2021 की जनगणना कोविड-19 के कारण स्थगित कर दी गई थी।

# प्रशासन ने संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर को जयंती पर किया याद





समर न्यूज़ | मोहाली

संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर के 136वें जन्मदिवस के अवसर पर जिला प्रबंधकीय परिसर, सेक्टर-76, एसएएस नगर में जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धापूर्वक उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) सोनम चौधरी की अगुवाई में किया गया, जिसमें जिला सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

इस मौके पर बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सोनम चौधरी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया और समाज में समानता तथा अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने सभी से अपील की कि बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के कल्याण के लिए कार्य करें और उनके आदर्शों को अपनाएं।

# चंडीगढ़ के धनास में मंदिर से चोरी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ के धनास इलाके स्थित गोगामाड़ी मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। सोमवार देर रात एक आरोपी मंदिर परिसर में घुसा और दानपात्र (गोलक) तोड़कर करीब 10 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही सारंगपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान की कोशिश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, आरोपी तड़के 2 से 3 बजे के बीच मंदिर के पीछे लगी लोहे की ग्रिल के सहारे अंदर घुसा। पीछे कैमरे न होने का फायदा उठाकर उसने पहले से रैकी की थी। अंदर पहुंचकर उसने लोहे की रॉड से दानपात्र तोड़ दिया। चोरी के दौरान आरोपी ने कैमरा ढकने की कोशिश भी की, लेकिन असफल रहा और उसका चेहरा रिकॉर्ड हो गया।

# विधायक रंधावा ने गांव बोहड़ा के निवासियों को सौंपे घरों के मालिकाना प्रमाण पत्र



समर न्यूज़ | डेराबस्सी

आज विधानसभा क्षेत्र डेराबस्सी के अंतर्गत आने वाले गांव बोहड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने 'मेरा घर मेरे नाम' योजना के तहत पचास लाभार्थियों को उनके घरों के मालिकाना प्रमाण पत्र सौंपे।

यह योजना पंजाब सरकार द्वारा राज्य के लोगों को संपत्ति के मालिकाना अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

इससे पहले क्षेत्र के अधिकांश लोग अपने घरों में रहने के बावजूद कानूनी दस्तावेजों या मालिकाना अधिकारों से वंचित थे, जिसके कारण उन्हें बैंक से ऋण लेने या संपत्ति की खरीद-फरोख्त के समय कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस योजना के माध्यम से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को न केवल अपने घरों के पूर्ण कानूनी अधिकार मिलेंगे, बल्कि उनके जीवन में सुरक्षा और स्थिरता भी आएगी।

क्षेत्र के निवासियों ने विधायक रंधावा और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि पंजाब सरकार ने आज उनका अधूरा सपना पूरा किया है। विधायक ने कहा कि हम पंजाब के लोगों की सहायता करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे ताकि वे अपना जीवन सम्मान और गरिमा के साथ जी सकें।

# वीडियो कॉल कर व्यापारी को 1 करोड़ की रंगदारी की धमकी

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

जीरकपुर के एक व्यापारी को विदेशी नंबर से वीडियो कॉल करके 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और परिवार समेत जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय गांव नगला निवासी 27 वर्षीय अर्जन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जीरकपुर में अपनी आईटी कंपनी चलाता है और अपने बड़े भाई के क्लब का प्रबंधन भी देखता है।

उसने बताया कि 8 अप्रैल को उसके व्हाट्सएप नंबर पर यूके के नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को 'शहजाद भट्टी' बताते हुए उसके और उसके परिवार के बारे में पूरी जानकारी होने का दावा किया।

शिकायतकर्ता के अनुसार दोषी ने धमकियां देते हुए कहा कि उसका कारोबार अच्छा चल रहा है, इसलिए वह 1 करोड़ रुपये अदा करे, नहीं तो उसके परिवार और दोस्तों को उड़ा दिया जाएगा।

दोषी ने क्लब और कंपनी को भी निशाना बनाने की धमकी दी। उसने यह भी कहा कि वह सिर्फ डराने के लिए फायरिंग नहीं करेगा, बल्कि सीधा हमला करेगा। अर्जन ने बताया कि इसके बाद भी उसी नंबर से 2-3 बार कॉल करके दोबारा धमकियां दी गईं, जिस पर उसने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई।

मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि विदेशी नंबर से कॉल करने वाले दोषी की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। साइबर तकनीक की मदद से कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मुल्जिम तक पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एसएएस नगर में एक दिन में रिकॉर्ड 2954 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

समर न्यूज़ | मोहाली

साहिबजादा अजीत सिंह नगर जिले में एक दिन में रिकॉर्ड 2954 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इस प्रकार जिले में अब तक कुल 12,226 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।

यह जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक वरिंदर कुमार ने बताया कि जिले में 1490 मीट्रिक टन गेहूं की ढुलाई कर उसे गोदामों में भंडारित किया गया है। उन्होंने बताया कि लिए गए सैंपलों का विश्लेषण भारतीय खाद्य निगम की चंडीगढ़ स्थित प्रयोगशाला में किया गया है, जिसका परिणाम जल्द आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारी लगातार मंडियों का दौरा कर खरीद प्रबंधों की समीक्षा कर रहे हैं। खरीद एजेंसियों के निरीक्षकों को कार्य में तेजी लाने



और किसानों की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डिप्टी कमिश्नर द्वारा नियमित बैठकों के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। किसानों को आश्वस्त किया गया है कि मंडियों में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और किसी भी समस्या की स्थिति में वे सीधे जिला कंट्रोलर से संपर्क कर सकते हैं।

# प्रॉपर्टी टैक्स बकाया होने पर भी मिलेगा फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

नगर निगम ने शहर में फायर सेफ्टी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब प्रॉपर्टी टैक्स बकाया होने की स्थिति में भी किसी व्यक्ति का फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट (FSC) जारी करने या उसके नवीनीकरण को नहीं रोका जाएगा। इस संबंध में निगम ने आधिकारिक आदेश जारी कर दिए हैं। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पहले लागू शर्त को समाप्त कर दिया गया है। अब तक निगम 87.91 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स वसूल चुका है, जबकि बकाया करदाताओं को 31 मई तक बिना अतिरिक्त शुल्क के भुगतान करने की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि 2019 की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) में संशोधन करते हुए प्रॉपर्टी टैक्स वेरिफिकेशन की बाध्यता खत्म कर दी गई है।

**समीक्षा** व्यापारियों और दुकानदारों की शिकायतें: प्रशासन ने महीने के अंत तक निपटारे के दिए निर्देश

# एडीसी और जिला ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन ने की समीक्षा बैठक

समर न्यूज़ | मोहाली

विभिन्न विभागों में लंबित व्यापारियों और दुकानदारों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त (ज) गीता सिंह ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि चालू महीने के अंत तक सभी लंबित मामलों का निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

स्टेकहोल्डर विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए गीता सिंह ने जिला ट्रेडर्स कमीशन, एसएएस नगर के चेयरमैन रणजीत पाल सिंह और वाइस चेयरमैन तरलोचन सिंह बैदवान के साथ कहा कि कमीशन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को सुगम व्यापारिक माहौल प्रदान करना और उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान करना है।



उन्होंने विभागवार प्रगति साझा करते हुए बताया कि पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) ने 32 में से 28 शिकायतों का निपटारा किया है, नगर निगम मोहाली ने 48 में से 46 मामलों को सुलझाया है, आबकारी एवं कराधान विभाग ने 5 में से 4 शिकायतों का समाधान किया है, जबकि पुलिस विभाग से संबंधित सभी 12 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष लंबित मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं में विश्वास बना रहे।

चेयरमैन रणजीत पाल सिंह ने विभागों से अपील की कि वे लंबित मामलों पर तेजी से कार्रवाई करें, ताकि अगली बैठक में अद्यतन प्रगति की समीक्षा की जा सके। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के ट्रेडर्स कमीशन प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।